# दिनांक 19.05.2025 को जिलाधिकारी महराजगंज की अध्यक्षता में सम्पन्न जल जीवन मिशन–हर घर जल की समीक्षा बैठक (समस्त घटक) का कार्यवृत्तः–

दिनांक 19.05.2025 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी महराजगंज, उपजिलाधिकारी (सदर), अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड–महराजगंज, जिला सूचना अधिकारी महराजगंज, अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण) महराजगंज, अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता (वि0/यां0) उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) गोरखपुर, सहायक अभियन्ता व जूनियर इंजीनियर जल निगम(ग्रामीण) महराजगंज, प्रोजेक्ट मैनेजर जे.एम.सी.प्रोजेक्ट एवं एल.सी. ई.एस.पी.एस.(जे.वी.) महराजगंज, प्रोजेक्ट मैनेजर मेसर्स रिथविक कोया (जे.वी.) महराजगंज, प्रोजेक्ट मैनेजर/डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर TPIA, DPMU के डिस्ट्रिक्ट क्वार्डिनेटर आदि उपस्थित रहे।

**बैठक की कार्यवाही का विवरण निम्नवत है–**





**(1) मेसर्स जे.एम.सी.प्रोजेक्ट से सम्बन्धित कार्य (JJM फेज–2):–**

**JMC-LCESPL (JV) (Phase-2)**

| S.No. | Item | Target | Meeting Date | Achievement | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Drilling | Compressor | O.P. Unit | Pump Lowering | | Balance |
| 1 | Tube well | 349 | 08.04.2025 | 342 | 341 | 339 | 321 | | 7:1:2:18 |
| | | | 19.05.2025 | 342 | 341 | 341 | 330 | | 7:1:0:11 |
| | | | | 0-25% | 25-50% | 50-75% | 75-99% | 100% | - |
| 2 | OHT | 343 | 08.04.2025 | 93 | 45 | 71 | 67 | 48 | 19 |
| | | | 19.05.2025 | 98 | 45 | 74 | 62 | 53 | 11 |
| | | | | 0-25% | 25-50% | 50-75% | 75-99% | 100% | - |
| 3 | Pump House | 349 | 08.04.2025 | 20 | 14 | 29 | 26 | 245 | 15 |
| | | | 19.05.2025 | 20 | 13 | 28 | 26 | 255 | 7 |
| | | | | 0-25% | 25-50% | 50-75% | 75-99% | 100% | - |
| 4 | Boundary wall | 348 | 08.04.2025 | 15 | 14 | 9 | 7 | 256 | 47 |
| | | | 19.05.2025 | 18 | 16 | 15 | 8 | 261 | 30 |
| 5 | Pipe Line (Km.) | 3277 | 08.04.2025 | 3118 | | | | | 159 |
| | | | 19.05.2025 | 3123 | | | | | 154 |
| 6 | FHTC | 181123 | 08.04.2025 | 171799 | | | | | 9324 |
| | | | 19.05.2025 | 172511 | | | | | 8612 |
| | | | | Complete | WIP | | Not Started | | - |
| 7 | Solar | 233 | 08.04.2025 | 164 | 14 | | 55 | | |
| | | | 19.05.2025 | 175 | 7 | | 51 | | |
| | | | | Complete | | | Balance | | - |
| 8 | DG | 233 | 08.04.2025 | 113 | | | 120 | | |
| | | | 19.05.2025 | 124 | | | 109 | | |

## अगली बैठक हेतु लक्ष्य

| Name of Firm | T.W. | | | | OHT | | | | | Pump House | | Pipe Line (km) | FHTC | Solar | DG | Regular Water Supply | Boundary wall (upto DPC) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Drilling | Comp ressor | O.P. Unit | Pump Lowering | 0-25 % | 25-50% | 50-75% | 75-99% | 100% | 0-50% | 50-100% | | | | | | |
| JMC-LCESPL (JV) | 7 | 1 | 1 | 9 | 10 | 21 | 18 | 16 | 16 | 16 | 8 | 12.00 | 1500 | 14 | 9 | 16 | 30 |



Scanned with OKEN Scanner

फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 446 राजस्व ग्रामों के 341 परियोजनाओं के सापेक्ष वर्तमान में 7 परियोजनाओं में भूमि विवाद के कारण कार्य प्रभावित है जिसमें से 3 परियोजनाओं की भूमि मा0 न्यायालय एवं 4 पर विवाद के कारण विचाराधीन है। जिसके सन्दर्भ में जिला समन्वयक (DPMU) द्वारा अवगत कराया गया कि राजस्व टीम की अन्य कार्यों में व्यस्तता होने के कारण विवाद का निस्तारण नहीं हो पाया है। जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुये जिला समन्वयक (DPMU) को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित उपजिलाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुये भूमि विवाद के निस्तारण हेतु रोस्टर बनाते हुये अतिशीघ्र समस्याओं का निराकरण कराना सुनिश्चित करें, जिससे निर्माण कार्य यथाशीघ्र प्रारम्भ कराया जा सके, किसी भी व्यवधान की स्थिति में तत्काल अधोहस्ताक्षरी अथवा मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराते हुये विवादों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करेगें। शिथिलता की दशा में अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

फर्म द्वारा पूर्व बैठक में दिये गये नलकूप ड्रिलिंग के लक्ष्यों के सापेक्ष उपलब्धि न प्राप्त होने के कारण अधोहस्ताक्षरी द्वारा असंतोष व्यक्त करते हुये अतिशीघ्र नलकूप निर्माण व अन्य कार्य प्रारम्भ करने एवं वर्तमान तक ड्रिलिंग पूर्ण नलकूपों के कम्प्रेशर, ओ0पी0 यूनिट व पम्प अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

दिनांक 08.04.2025 की बैठक में फर्म को दिये गये लक्ष्यों के सापेक्ष शिरोपरि जलाशय की प्रगति ना होने के कारण नाराजगी व्यक्त करते हुये अवशेष लक्ष्यो को अगली बैठक से पूर्व किसी भी दशा में शतप्रतिशत पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी प्रकार पम्प हाउस व बाउन्ड्रीवाल, गृह संयोजन, सोलर, डीजी0, रेगुलर वाटर सप्लाई के लक्ष्यों को प्राप्त ना किये जाने के कारण अधोहस्ताक्षरी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुये अगली बैठक से पूर्व किसी भी दशा में शतप्रतिशत सम्बन्धित कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

फर्म द्वारा विगत बैठक से वर्तमान तक 5 ग्रामों में शतप्रतिशत रोड रेस्टोरेशन कार्य पूर्ण किया गया है, जिसके क्रम में अधोहस्ताक्षरी द्वारा अत्यधिक नाराजगी व्यक्त की गयी एवं अधिशासी अभियन्ता को निर्देश दिये गये कि फर्म से अगली बैठक से पूर्व 20 गाँवों में शतप्रतिशत रोड रेस्टोरेशन कार्य पूर्ण करा लिया जाय व बिछाई गयी पाइप लाइन के सापेक्ष न्यूनतम 20 किमी0 हाइड्रोटेस्टिंग करते हुये 100 प्रतिशत रोड रेस्टोरेशन कराने के निर्देश दिये गये इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता ना बरती जाये।

**उक्त के अतिरिक्त निर्देश दिये गये कि फर्म की प्रगति के कंट्रोल टेबल के अनुसार 12 के सापेक्ष 10 अंक तक वाली परियोजनाओं को शतप्रतिशत पूर्ण किया जाये व तदानुसार प्रत्येक योजना में प्रगति लाकर फारवर्ड मोमेन्ट लाया जाये।**

फर्म की पिछली कई बैठकों में लगातार दिये जा रहे लक्ष्यों के सापेक्ष फर्म द्वारा कार्यो की प्रगति में वांछित सुधार ना लाने, व दिये गये निर्देशों की अवहेलना करने के कारण अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देश दिये गये कि प्रबन्ध निदेशक उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/अधिशासी निदेशक राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को फर्म का ब्लैक लिस्ट हेतु द्वितीय नोटिस पत्र प्रेषित किया जाये।

**(कार्यवाहीः–परियोजना प्रबन्धक, जे0एम0सी0 एवं एल0सी0ई0एस0पी0एस0(जे0वी0)/अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) महराजगंज, अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), जल निगम (ग्रामीण) गोरखपुर, अधिशासी अभियन्ता विद्युत विभाग महराजगंज**

## (2) मेसर्स रिथविक कोया (जे0वी0) (JJM फेज–3):– कोया

**M/s Rithwik and Koya (JV)- (Phase-3) - Koya**

| S.No. | Item | Target | Meeting Date | Achievement | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Tube well | 210 | | Drilling | Compressor | O.P. Unit | Pump Lowering | | Balance |
| | | | 08.04.2025 | 207 | 205 | 204 | 143 | | 3/2/1/61 |
| | | | 19.05.2025 | 207 | 205 | 204 | 145 | | 3/2/1/59 |
| 2 | OHT | 205 | | 0-25% | 25-50% | 50-75% | 75-99% | 100% | - |
| | | | 08.04.2025 | 11 | 14 | 52 | 79 | 31 | 18 |
| | | | 19.05.2025 | 7 | 11 | 44 | 66 | 37 | 18 |
| 3 | Pump House | 210 | | 0-25% | 25-50% | 50-75% | 75-99% | 100% | - |
| | | | 08.04.2025 | 10 | 7 | 11 | 14 | 141 | 27 |
| | | | 19.05.2025 | 12 | 5 | 10 | 10 | 148 | 25 |
| 4 | Boundary wall | 210 | | 0-25% | 25-50% | 50-75% | 75-99% | 100% | - |
| | | | 08.04.2025 | 11 | 14 | 18 | 24 | 93 | 50 |
| | | | 19.05.2025 | 15 | 16 | 17 | 20 | 97 | 45 |
| 5 | Pipe Line (Km.) | 2104/1949 | 08.04.2025 | 1884 | | | | | 65 |
| | | | 19.05.2025 | 1889 | | | | | 60 |
| 6 | FHTC | 91016 | 08.04.2025 | 86861 | | | | | 4155 |
| | | | 19.05.2025 | 87011 | | | | | 4005 |
| 7 | Solar | 191 | | Complete | | WIP | Not Started | | - |
| | | | 08.04.2025 | 128 | | 26 | 37 | | |
| | | | 19.05.2025 | 130 | | 26 | 35 | | |
| 8 | DG | 191 | | Complete | | | Balance | | - |
| | | | 08.04.2025 | 9 | | | 182 | | |
| | | | 19.05.2025 | 15 | | | 176 | | |



Scanned with OKEN Scanner

## अगली बैठक हेतु लक्ष्य

| Name of Firm | T.W. | | | | OHT | | | | | Pump House | | Pipe Line (km) | FHTC | Solar | DG | Regular Water Supply | Boundary wall (upto DPC) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Drilling | Compressor | O.P. Unit | Pump Lowering | 0-25 % | 25-50% | 50-75% | 75-99% | 100 % | 0-50 % | 50-100 % | | | | | | |
| Rithwik-Koya (JV) :- Koya | - | 2 | 1 | 38 | 6 | 7 | 2 | 1 | 4 | 20 | 8 | 2.00 | 350 | 15 | 44 (foundation) | 8 | 15 |

फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 345 राजस्व ग्रामों के 205 परियोजनाओं के सापेक्ष वर्तमान भूमि विवाद के कारण 3 परियोजनाओं में परिसर के व 18 योजनाओं पर पाइप लाइन के कार्य प्रभावित है। जिसमें से 3 परियोजनाओं की भूमि मा0 न्यायालय में विचाराधीन है। जिसके सन्दर्भ में जिला समन्वयक (DPMU) द्वारा अवगत कराया गया कि राजस्व टीम की अन्य कार्यो में व्यस्तता हाने के कारण विवाद का निस्तारण नहीं हो पाया है। जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुये जिला समन्वयक (DPMU) को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित उपजिलाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुये भूमि विवाद के निस्तारण हेतु रोस्टर बनाते हुये अतिशीघ्र समस्याओं का निराकरण कराना सुनिश्चित करें, जिससे निर्माण कार्य यथाशीघ्र प्रारम्भ कराया जा सकें, किसी भी व्यवधान की स्थिति में तत्काल मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराते हुये विवादों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करेगें। शिथिलता की दशा में अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

फर्म द्वारा पूर्व बैठक में दिये गये पम्प लोरिंग के लक्ष्यों के सापेक्ष उपलब्धि न प्राप्त होने के कारण अधोहस्ताक्षरी द्वारा असंतोष व्यक्त करते हुये अतिशीघ्र नलकूप निर्माण व अन्य कार्य प्रारम्भ करने एवं वर्तमान तक ड्रिलिंग पूर्ण नलकूपों के कम्प्रेशर, ओ0पी0 यूनिट व पम्प अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

फर्म द्वारा शिरोपरि जलाशय के कार्य परिसर में वृक्षों की कटिंग ना होने के कारण कार्यो में बाधा उत्पन्न हो रही है जिसके क्रम में निर्देशित किया गया कि वन विभाग से समन्वय स्थापित करते हुये वृक्षों की कटिंग कराते हुये कार्यो में प्रगति लावें व किसी भी बाधां की दशा में तत्काल अधोहस्ताक्षरी को सूचित करना सुनिश्चित करें। दिनांक 08.04.2025 की बैठक में फर्म को दिये गये लक्ष्यों के सापेक्ष पम्प हाउस व बाउन्ड्रीवाल, गृह संयोजन, सोलर, डीजी0, रेगुलर वाटर सप्लाई के लक्ष्यों को प्राप्त ना किये जाने के कारण अधोहस्ताक्षरी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुये अगली बैठक से पूर्व किसी भी दशा में शतप्रतिशत सम्बन्धित कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। लक्ष्य पूर्ण ना करने की दशा में 1% L.D. लगाये जाने हेतु शासन स्तर को पत्र प्रेषित कर दिया जायेगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित फर्म की होगी।

फर्म द्वारा विगत बैठक से वर्तमान तक 6 ग्राम में शतप्रतिशत रोड रेस्टोरेशन कार्य पूर्ण किया गया है, जिसके क्रम में अधोहस्ताक्षरी द्वारा अत्यधिक नाराजगी व्यक्त की गयी एवं अधिशासी अभियन्ता को निर्देश दिये गये कि फर्म से अगली बैठक से पूर्व 12 गॉवों में शतप्रतिशत रोड रेस्टोरेशन कार्य पूर्ण करा लिया जाये व बिछाई गयी पाइप लाइन के सापेक्ष न्यूनतम 15 किमी0 हाइड्रोटेस्टिंग करते हुये 100 प्रतिशत रोड रेस्टोरेशन कराने के निर्देश दिये गये इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता ना बरती जाये।

उक्त के अतिरिक्त निर्देश दिये गये कि फर्म की प्रगति के कंट्रोल टेबल के अनुसार 12 के सापेक्ष 10 अंक तक वाली परियोजनाओं को शतप्रतिशत पूर्ण किया जाये व तदानुसार प्रत्येक योजना में प्रगति लाकर फारवर्ड मोमेन्ट लाया जाये।

**(कार्यवाहीः—परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स रिथविक कोया (जे0वी0) — कोया/अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) महराजगंज, अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), जल निगम (ग्रामीण) गोरखपुर, अधिशासी अभियन्ता विद्युत विभाग, महराजगंज**

Scanned with OKEN Scanner

(3) मेसर्स रिथविक कोया (जे0वी0) (JJM फेज–3):– रिथविक

<table>
<tr><td colspan="10">M/s Rithwik and Koya (JV)- (Phase-3) - Rithwik</td></tr>
<tr><td>S.No.</td><td>Item</td><td>Target</td><td>Meeting Date</td><td colspan="6">Achievement</td></tr>
<tr><td rowspan="3">1</td><td rowspan="3">Tube well</td><td rowspan="3">180</td><td></td><td>Drilling</td><td>Compressor</td><td>O.P. Unit</td><td colspan="2">Pump Lowering</td><td>Balance</td></tr>
<tr><td>08.04.2025</td><td>180</td><td>180</td><td>180</td><td colspan="2">168</td><td>0 0 0 12</td></tr>
<tr><td>19.05.2025</td><td>180</td><td>180</td><td>180</td><td colspan="2">170</td><td>0 0 0 10</td></tr>
<tr><td rowspan="3">2</td><td rowspan="3">OHT</td><td rowspan="3">174</td><td></td><td>0-25%</td><td>25-50%</td><td>50-75%</td><td>75-99%</td><td>100%</td><td>-</td></tr>
<tr><td>08.04.2025</td><td>4</td><td>10</td><td>27</td><td>66</td><td>55</td><td>16</td></tr>
<tr><td>19.05.2025</td><td>9</td><td>9</td><td>30</td><td>65</td><td>51</td><td>10</td></tr>
<tr><td rowspan="3">3</td><td rowspan="3">Pump House</td><td rowspan="3">180</td><td></td><td>0-25%</td><td>25-50%</td><td>50-75%</td><td>75-99%</td><td>100%</td><td>-</td></tr>
<tr><td>08.04.2025</td><td>4</td><td>16</td><td>22</td><td>37</td><td>69</td><td>32</td></tr>
<tr><td>19.05.2025</td><td>1</td><td>13</td><td>18</td><td>18</td><td>78</td><td>30</td></tr>
<tr><td rowspan="3">4</td><td rowspan="3">Boundary wall</td><td rowspan="3">180</td><td></td><td>0-25%</td><td>25-50%</td><td>50-75%</td><td>75-99%</td><td>100%</td><td>-</td></tr>
<tr><td>08.04.2025</td><td>2</td><td>1</td><td>5</td><td>8</td><td>132</td><td>32</td></tr>
<tr><td>19.05.2025</td><td>4</td><td>2</td><td>2</td><td>5</td><td>137</td><td>30</td></tr>
<tr><td rowspan="2">5</td><td rowspan="2">Pipe Line (Km.)</td><td rowspan="2">1892.4</td><td>08.04.2025</td><td colspan="5">1618.9</td><td>273.5</td></tr>
<tr><td>19.05.2025</td><td colspan="5">1630.5</td><td>261.9</td></tr>
<tr><td rowspan="2">6</td><td rowspan="2">FHTC</td><td rowspan="2">88945</td><td>08.04.2025</td><td colspan="5">73605</td><td>15340</td></tr>
<tr><td>19.05.2025</td><td colspan="5">75355</td><td>13590</td></tr>
<tr><td rowspan="3">7</td><td rowspan="3">Solar</td><td rowspan="3">150</td><td></td><td colspan="2">Complete</td><td>WIP</td><td colspan="2">Not Started</td><td>-</td></tr>
<tr><td>08.04.2025</td><td colspan="2">107</td><td>19</td><td colspan="2">24</td><td></td></tr>
<tr><td>19.05.2025</td><td colspan="2">113</td><td>25</td><td colspan="2">12</td><td></td></tr>
<tr><td rowspan="3">8</td><td rowspan="3">DG</td><td rowspan="3">150</td><td></td><td colspan="3">Complete</td><td colspan="2">Balance</td><td>-</td></tr>
<tr><td>08.04.2025</td><td colspan="3">75</td><td colspan="2">75</td><td></td></tr>
<tr><td>19.05.2025</td><td colspan="3">82</td><td colspan="2">68</td><td></td></tr>
</table>

## अगली बैठक हेतु लक्ष्य

<table>
<tr><td rowspan="2">Name of Firm</td><td colspan="4">T.W.</td><td colspan="5">OHT</td><td colspan="2">Pump House</td><td rowspan="2">Pipe Line (km)</td><td rowspan="2">FHTC</td><td rowspan="2">Solar</td><td rowspan="2">DG</td><td rowspan="2">Regular Water Supply</td><td rowspan="2">Boundary wall(upto DPC)</td></tr>
<tr><td>Drilling</td><td>Compressor</td><td>O.P. Unit</td><td>Pump Lowering</td><td>0-25 %</td><td>25-50 %</td><td>50-75 %</td><td>75-99 %</td><td>100 %</td><td>0-50 %</td><td>50-100 %</td></tr>
<tr><td>Rithwik-Koya (JV) - Rithwik</td><td>-</td><td>1</td><td>1</td><td>13</td><td>4</td><td>8</td><td>1</td><td>2</td><td>3</td><td>10</td><td>8</td><td>50.00</td><td>1750</td><td>-</td><td>-</td><td>19</td><td>31</td></tr>
</table>

फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 302 राजस्व ग्रामों के 174 परियोजनाओं के सापेक्ष ड्रिलिंग सभी 180 नग नलकूप के ड्रिलिंग, कम्प्रेशर, ओ0पी0 यूनिट कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा वर्तमान तक ओ0पी0 यूनिट पूर्ण व पम्प अधिष्ठापन हेतु अवशेष समस्त पम्प अधिष्ठापन का कार्य के निर्देश फर्म को दिये गये।

दिनांक 08.04.2025 की बैठक में फर्म को दिये गये लक्ष्यों के सापेक्ष शिरोपरि जलाशय की प्रगति ना होने के कारण नाराजगी व्यक्त करते हुये अवशेष लक्ष्यो को अगली बैठक से पूर्व किसी भी दशा में शतप्रतिशत पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी प्रकार पम्प हाउस व बाउन्ड्रीवाल, गृह संयोजन, सोलर, डीजी0, रेगुलर वाटर सप्लाई के लक्ष्यों को प्राप्त ना किये जाने के कारण अधोहस्ताक्षरी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुये अगली बैठक से पूर्व किसी भी दशा में शतप्रतिशत सम्बन्धित कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। लक्ष्य पूर्ण ना करने की दशा में 1% L.D. लगाये जाने हेतु शासन स्तर को पत्र प्रेषित कर दिया जायेगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित फर्म की होगी।

Scanned with OKEN Scanner

फर्म द्वारा विगत बैठक से वर्तमान तक 12 ग्राम में शतप्रतिशत रोड रेस्टोरेशन कार्य पूर्ण किया गया है, जिसके क्रम में अधोहस्ताक्षरी द्वारा अत्यधिक नाराजगी व्यक्त की गयी एवं अधिशासी अभियन्ता को निर्देश दिये गये कि फर्म से अगली बैठक से पूर्व 24 गाँवों में शतप्रतिशत रोड रेस्टोरेशन कार्य पूर्ण करा लिया जाये व बिछाई गयी पाइप लाइन के सापेक्ष न्यूनतम 15.00 किमी0 हाइड्रोटेस्टिंग करते हुये 100 प्रतिशत रोड रेस्टोरेशन कराने के निर्देश दिये गये इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता ना बरती जाये।

उक्त के अतिरिक्त निर्देश दिये गये कि फर्म की प्रगति के कंट्रोल टेबल के अनुसार 12 के सापेक्ष 10 अंक तक वाली परियोजनाओं को शतप्रतिशत पूर्ण किया जाये व तदानुसार प्रत्येक योजना में प्रगति लाकर फारवर्ड मोमेन्ट लाया जाये।

**(कार्यवाही:–परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स स्थिविक कोया (जे0वी0) – स्थिविक/अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) महराजगंज, अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), जल निगम (ग्रामीण) गोरखपुर, अधिशासी अभियन्ता विद्युत विभाग महराजगंज**

**(3) मेसर्स मेघज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा0लि0 TPIA:–** डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर (TPIA) द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन योजना के क्रियान्वयन में पिछली बैठक से वर्तमान तक कुल 224 आपत्ति प्रस्तुत की गयी। निर्देश दिये गये कि तीनो फर्मो के कार्यो में वर्तमान बैठक से अगली बैठक तक पायी गयी क्रिटिकल कमियों की आपत्ति व अपने समक्ष उसका निस्तारण कराते हुये रिपोर्ट बैठक में प्रस्तुत की जाये। साथ ही शतप्रतिशत कार्यो में अपने कार्मिकों की उपस्थिति सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही:– परियोजना प्रबन्धक, जे0एम0सी0 एवं एल0सी0ई0एस0पी0एस0(जे0वी0)/मेसर्स मेघज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा0लि0, महराजगंज/अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण),**

**(4) मेसर्स आर0वी0एशोसिएट्स (जे0वी0) निप्पोन कोई DPMU:–** जिला समन्वयक (DPMU) द्वारा अवगत कराया गया कि राजस्व टीम की अन्य कार्यो में व्यस्तता हाने के कारण विवाद का निस्तारण नहीं हो पाया है। जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुये जिला समन्वयक (DPMU) को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित उपजिलाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुये भूमि विवाद के निस्तारण हेतु रोस्टर बनाते हुये अतिशीघ्र समस्याओं का निराकरण कराना सुनिश्चित करें, जिससे निर्माण कार्य यथाशीघ्र प्रारम्भ कराया जा सकें, किसी भी व्यवधान की स्थिति में तत्काल मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराते हुये विवादों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करेगें। शिथिलता की दशा में अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

**(कार्यवाही:– डिस्ट्रिक क्वार्डिनेटर (DPMU)/अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण),**

**(5) इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी ISA:–** अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी ISA द्वारा इम्प्लीमेन्टेशन फेज के अन्तर्गत आने वाली गतिविधिया सम्पादन करायी जा रही है। अधिशासी अभियन्ता, समस्त इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी ISA, जिला समन्वयक (DPMU) को निर्देश दिये गये कि सम्पन्न की जा रही गतिविधियों को ससमय Ejalshakti एवं jjm पोर्टल पर सम्बन्धित गतिविधियों को ससमय अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि रेलवे से समन्वय स्थापित करते हुये पाइप लाइन की क्रासिंग हेतु अनापत्ति प्राप्त की जा रही है व समयान्तर्गत रेलवे क्रासिंग का कार्य करा दिया जायेगा। साथ ही अवगत कराया गया कि वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन से समन्वय स्थापित करते हुये कार्यवाही की जा रही है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण) को निर्देश दिये गये कि बिछायी गयी पाइप लाइन का ज्वांटिंग कार्य पूर्ण करते हुये बिटुमिनस रोड सहित रोड रेस्टोरेशन कार्य पूर्ण किया जाये।

Scanned with OKEN Scanner

विद्युत संयोजन के सम्बन्ध में पिछली बैठको से वर्तमान तक वांछित प्रगति ना होने के कारण असंतोष व्यक्त करते हुये अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल महराजगंज को समयान्तर्गत कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये।

**(कार्यवाही:-अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण)/ अधिशासी अभियन्ता विद्युत विभाग महराजगंज**

(अनुराग जैन)
आई०ए०एस०
**मुख्य विकास अधिकारी**
**महराजगंज।**

## कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, महराजगंज

**पत्रांक:** 1224 / विविध-40 / 61 **दिनांक:** 20/06/2025

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. जिलाधिकारी, महराजगंज।
2. मुख्य अभियन्ता(गो0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), गोरखपुर।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), गोरखपुर।
4. अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, महराजगंज।
5. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), महराजगंज।
6. अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), गोरखपुर।
7. प्रोजेक्ट मैनेजर मेसर्स मे0 जे.एम.सी.प्रोजेक्ट एवं एल.सी.ई.एस.पी.एस.(जे.वी.), महराजगंज।
8. प्रोजेक्ट मैनेजर मेसर्स रिथविक कोया (जे.वी.), कोया-महराजगंज।
9. प्रोजेक्ट मैनेजर मेसर्स रिथविक कोया (जे.वी.), रिथविक-महराजगंज।
10. मेसर्स मेघज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा0लि0, महराजगंज।
11. डिस्ट्रिक्ट क्वार्डिनेटर (DPMU) महराजगंज।

**मुख्य विकास अधिकारी**
**महराजगंज।**



Scanned with OKEN Scanner